# SY-515

Reg. No. : .....................................

Name : ...........................................

**SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, MARCH – 2024**

Part – III

## HINDI (Optional)

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना** : कवितांश पढ़ें और **1** से **3** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

दो हाथियों का
लड़ना
सिर्फ़ दो हाथियों के समुदाय से
संबंध नहीं रखता ।
दो हाथियों की लड़ाई में
सबसे ज्यादा कुचली जाती है ।
घास, जिसका
हाथियों के समूचे कुनबे से
कुछ भी लेना–देना नहीं ।
जंगल से भूखी लौट जाती है
गाय
और भूखा सो जाता है
घर में बच्चा

1. प्रस्तुत कवितांश के कवि कौन हैं ? **(1)**

(अज्ञेय, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', उदय प्रकाश)

2. दो हाथियों की लड़ाई में सबसे ज़्यादा क्या कुचली जाती है ? **(1)**

(समुदाय, घास, लड़ाई)

3. कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें । **(6)**

4. सही मिलान करें । **(4 × 1 = 4)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) | नगर की नाक के नीचे | – | नंददुलारे बाजपेयी |
| (आ) | विरोधाभास | – | सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' |
| (इ) | राजभाषा और राष्ट्रभाषा | – | सच्चिदानंदन |
| (ई) | सरोजस्मृति | – | रामनारायण उपाध्याय |

**सूचना** : 'एक अंतरंग परिचय' पाठ का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

मुझे कुछ समय तक विश्वास ही नहीं हुआ कि मैं एक बड़े साहित्यकार के साथ बात कर रही हूँ । इन्हीं बातों में उन्होंने यह भी बताया था कि वे लेखन-कार्य से ऊब गए थे और कुछ परिवर्तन चाहते थे । उनकी यह बात सुन मुझे न केवल आश्चर्य वरन् दु:ख भी हुआ और अपनी ओर से बराबर यही कहती रही कि वे ऐसा न करें । उस समय मैं एकाएक बुजुर्ग बनकर उन्हें जैसे सलाह देने लग गई थी कि वे इस ऊब को समाप्त करने के लिए कुछ अवकाश अवश्य लें, पर लेखन-कार्य कदापि न छोड़ें ।

5. कोष्ठक से समुच्चयबोधक शब्द चुनकर लिखें । **(1)**

(और, वे, पर)

6. रांगेय राघव का कौन सा गुण सुलोचना को आकर्षित किया ? **(1)**

7. लेखिका ने रांगेय राघव को कैसी सलाह दी ? **(2)**

8. उचित शीर्षक के साथ खंड का संक्षेपण करें । **(6)**

**सूचना : 9 से 12 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लिखें ।** **(2 × 2 = 4)**

9. लाला सदानंद ने पंडित शादीराम की मासिक पत्रिका के चित्रों का क्या किया ?

10. 'मेरी वस्तुएँ बहुधा खो जाती हैं लोग कहते हैं, तुम बड़े असावधान हो, इसलिए तुम्हारी वस्तुएँ खोती रहती हैं ।' लेखक के बारे में लोग क्या कहते हैं ?

11. 'यात्रावृत्त' शब्द का अर्थ क्या है ?

12. चिड़ियों का गाना सुनने के लिए अपने कान लगाने वाले कवि को क्या सुनना पड़ता है ?

**सूचना : 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर लिखें ।** **(3 × 4 = 12)**

13. जीवन–वृत्त पढ़ें और सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करें :

| | | |
|---|---|---|
| | | **जीवन–वृत्त** |
| नाम | : | सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' |
| जन्म | : | 1896 ई., बंगाल में |
| विशेषताएँ | : | ● छायावाद के प्रवर्तक |
| | | ● सबसे बड़े क्रांतिकारी कवि |
| रचनाएँ | : | परिमल, गीतिका, अणिमा, राम की शक्तिपूजा, सरोज–स्मृति |
| मृत्यु | : | 1964 ई. |

14. नीचे दिये गए बिंदुओं के आधार पर 'अलबम' कहानी के पात्र लाला सदानंद के चरित्र पर टिप्पणी लिखें :

- भलेमानस
- अत्यन्त दयालु
- सज्जन
- उदार

15. खड़ीबोली हिंदी साहित्य का विकास कैसे हुआ ?

- नए–नए रूपों और प्रयोगों का जन्म
- पत्र–पत्रिकाओं का प्रकाशन
- कहानी, उपन्यास, नाटक आदि विधाओं में पर्याप्त रचनाएँ

16. राष्ट्रभाषा हिंदी की विशेषताएँ क्या–क्या हैं ?

- राष्ट्र की उन्नति और सुविधा
- जनता को बल देने वाली
- एकता के सूत्र में बाँधना

**सूचना : 17** से **20** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर लिखें । **(3 × 6 = 18)**

17. हर साल नवंबर 20 को 'सौहृदा दिवस' (Souhrida Day) मनाया जा रहा है । इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

- जीवन कौशल (Life Skill) की प्रस्तुति
- उद्‌घाटन समारोह
- स्थान, समय
- स्किट (Skit) की प्रस्तुति

18. निम्नलिखित अंग्रेजी खंड का हिन्दी में अनुवाद करें :

Trees are essential for our planet. They provide oxygen, shelter for animals and make our surroundings beautiful. It's our responsibility to plant and protect trees for a healthier environment.

[essential – आवश्यक, shelter – आश्रय, provide – प्रदान करना, surrounding – आस-पास, responsibility – ज़िम्मेदारी, protect – सुरक्षित रखना]

19. डाकघर में फाउंटेन पेन खो जाने के बारे में लेखक अपनी डायरी में लिखता है । वह डायरी तैयार करें ।

- डाकघर में सज्जन से मिलना
- सज्जन को फाउंटेन पेन देना
- पेन वापस न मिलना
- दु:खी होना

20. बीमा मिलने के बाद पंडित शादीराम और उनकी पत्नी के बीच का वार्तालाप लिखें ।

- बीमा मिलना
- सौ-सौ रुपए के नोट देखना
- कर्ज़ चुकाने की सोच

**सूचना : 21** से **24** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर लिखें । **(3 × 8 = 24)**

21. आकाशवाणी में पासवानजी और अरुणकुमार के बीच हुई बातचीत के बारे में पासवानजी अपने मित्र को पत्र लिखते हैं । वह पत्र तैयार करें ।

- आकाशवाणी में स्मिता के साथ आना
- पासवानजी द्वारा रामदरश मिश्र की रचनाओं पर बात उठाया जाना
- रचनात्मक संवाद के लिए धन्यवाद देना

22. नये मॉडल का स्कूटर बाज़ार में आया है । बिक्री बढ़ाने के लिए उचित विज्ञापन तैयार करें ।

- नया मॉडल
- आकर्षक रंग
- कम दाम
- मैलेज ज़्यादा

23. 'साँप' कविता के आधार पर नगरी सभ्यता और ग्रामीण सभ्यता के गुण और दोष के बारे में लेख लिखें ।

- बाहरी आडम्बर
- कृत्रिमता और स्वार्थ मानव
- स्वच्छता
- आपस में प्यार

24. ‘आत्मकथा साहित्य’ पर एक लेख लिखें ।

- आत्मकथा का चरित नायक स्वयं लेखक
- सच्चाई और ईमानदारी से वर्णन
- सामाजिक परिस्थिति और देशकाल का प्रसंगानुसार वर्णन
- भाषा और शिल्प का लालित्य

---